दैनिक जागरण 06/04/2025

# पुरुष में श्लोकया, पंकज व महिला में अवनीत चुने गए बेस्ट एथेलिटिक्स

जागरण संवाददाता● अंबाला : जीएमएन कालेज में शनिवार को खेलकूद विभाग, एनसीसीवाइआरसी, वूमेन सेल, एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में 55वें वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बलबीर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

मुख्यातिथि बलबीर सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए डा. रोहित दत्त ने महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष बृजेश कुमार को बधाई दी। गवर्निंग बाडी के प्रधान डा. गुरदेव सिंह, आलोक गुप्ता, चरणजीत सेठी, सुरिंदर बहल, सज्जन सिंह ने कहा कि विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा कर नाम रोशन कर रहे हैं। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा महाविद्यालय के खिलाड़ी जोनल से लेकर नेशनल स्तर तक बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं।




वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए अतिथिगण। सौ. कालेज

## ये रहे विजेता

**100 मीटर दौड़** : पुरुष वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष के बलजिंदर सिंह ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष के संजीव कुमार ने द्वितीय स्थान एवं बीए प्रथम वर्ष के समिपया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**100 मीटर दौड़** : महिला वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की रमनी ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की अवनीत ने दूसरा स्थान एवं एमए प्रथम वर्ष की कृतिका ने तृतीय स्थान हासिल किया।

**200 मीटर दौड़** : पुरुष वर्ग में बीए प्रथम वर्ष में श्लोकया ने प्रथम स्थान, बीए तृतीय वर्ष के पंकज ने दूसरा स्थान एवं बीए द्वितीय वर्ष बलजिंदर ने तृतीय स्थान हासिल किया।

**50 मीटर दौड़** : महिला वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष में अवनीत कौर ने प्रथम स्थान, बीए द्वितीय वर्ष की रमणी ने दूसरा स्थान एवं बीकाम द्वितीय वर्ष की अंकिता ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## शाटपुट के विजेता

- पुरुष वर्ग में बीए तृतीय वर्ष के पंकज ने पहला, बीए प्रथम वर्ष के अमनदीप ने दूसरा एवं बीबीए प्रथम वर्ष के नमन ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- 800 मीटर में पुरुष वर्ग में बीए प्रथम वर्ष में श्लोकया ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष के संजीव ने दूसरा स्थान एवं बीकाम प्रथम वर्ष के प्रवीण ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## हाप स्टेप एंड जंप, ट्रिपल जंप के विजेता

- हाप स्टेप एंड जंप ट्रिपल जंप पुरुष वर्ग में बीए तृतीय वर्ष के संजीव कुमार ने पहले बीए तृतीय वर्ष के पंकज ने दूसरा स्थान एवं बीए तृतीय वर्ष के चेतन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- ट्रिपल जंप महिला में प्रथम स्थान पर अंकिता, दूसरे पर कृतिका एवं तीसरे स्थान पर अवनीत रहे।
- 400 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पर श्लोकया दूसरे स्थान, पंकज एवं तीसरे स्थान पर बलजिंदर रहे।
- शाटपुट वूमेन में मोनी ने प्रथम स्थान, सपना ने दूसरा स्थान और अंकिता ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- 1200 मीटर में महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर रमणी दूसरे स्थान पर अवनीत कौर एवं तीसरे स्थान पर कृतिका रही।
- लान्ग जंप वूमेन में प्रथम स्थान पर अवनीत, दूसरे स्थान पर रमणी और तीसरे स्थान पर कृतिका रही।
- 400 मीटर में महिला वर्ग में अवनीत कौर ने प्रथम स्थान, अंकिता ने दूसरा स्थान एवं रमणी ने तीसरा स्थान हासिल किया।
- लान्ग जंप में बलजिंदर प्रथम स्थान, अमन दूसरे स्थान पर एवं सामीप्य तीसरे स्थान पर रहे।
- 55वें खेलकूद प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में श्लोकया एवं पंकज महिला वर्ग में अवनीत कौर बेस्ट एथेलिटिक्स चुने गए।